# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

11.07.2024 समय : 1850

- ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने गैर कानूनी जमावड़े को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत शहर के कुछ भागों में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने आज मृतक विमला के परिजनों से मुलाकात करने के अलावा ज़िला उपायुक्त कार्यालय में बैठक में विस्तृत चर्चा की।
- मानसून पर्यटन उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में कल रोड शो का आयोजन किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर ज़िला उद्योग केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से ननकौड़ी द्वीपसमूह में जागरूकता अभियान चलाया गया।
- संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई को शुरू हो रहा है।

<><><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में छः जुलाई को वी. विमला नामक एक युवती की मृत्यु के बाद लोगों द्वारा सड़कों पर विरोध प्रदर्शन और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सम्पति तथा उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा जरूरी कदम उठाया गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने आदेश जारी करते हुए गैर कानूनी जमावड़े को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत शहर के कुछ भागों में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आज से ये आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। डेरीफार्म जंक्शन और इसके आस–पास के क्षेत्रों के अलावा जंगलीघाट जेट्टी क्षेत्र और वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में यहा आदेश लागू हो गया है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस कर्मियों तथा ड्यूटी पर अन्य सरकारी कर्मचारियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। दक्षिण अंडमान के एस डी एम, पुलिस अधीक्षक और कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा इसका पालन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे नई दिल्ली में संसद की पहली बैठक में भाग लेने के बाद आज पोर्ट ब्लेयर लौट आए। पोर्ट ब्लेयर पहुंचने पर बड़ी संख्या में भाजपा के नेताओं के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता और फिशरमैन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने जी बी पंत अस्पताल में विमला नामक एक महिला की मृत्यु के बारे में जानकारी हासिल की और तुरंत ज़िला कार्यालय पहुंचे। ज़िला कार्यालय में तुरंत बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद बिष्णु पद रे के अलावा दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, मत्स्य विभाग के सचिव व निदेशक, स्वास्थ्य विभाग और अनिम्स के निदेशक के अलावा पुलिस के अधिकारियों और मत्स्य कल्याण संघ के सदस्यों तथा वार्ड पाषर्दों ने भाग लिया। सांसद ने विमला की मौत की जांच के बारे में जानकारी हासिल की। बाद में उन्होंने पार्टी कार्यालय, जी बी पंत अस्पताल और मत्स्य अवतरण केन्द्र जंगलीघाट का दौरा किया। उन्होंने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। सांसद ने परिजनों को सहयोग का आश्वसन दिया।

<><><><><><><>

मानसून पर्यटन उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में कल रोड शो का आयोजन किया जाएगा। तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक कार्बाइंस कोव तट पर समारोह आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष जुलाई के मध्य में मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जलक्रीड़ा गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक भी इसका आनन्द उठा सके।

<><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने डिगलीपुर के लिए उचित मात्रा में जलयान और हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि इस तहसील की बड़ी जनसंख्या और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर से पोर्ट ब्लेयर के जी बी पंत अस्पताल में रेफर किए जाने वाले मरीजों को ध्यान में रखते हुए ये व्यवस्था की जाए। सड़कों के माध्यम से पोर्ट ब्लेयर तक आने में फिलहाल लोगों को असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए श्री बैरागी ने निर्धारित दिनों में सप्ताह में कम से कम दो बार जलयान सेवा उपलब्ध कराने और डिगलीपुर से इसके प्रस्थान समय को वर्तमान दिन में दो बजे के स्थान पर शाम पांच बजे करने का अनुरोध किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने हेलीकॉप्टर सेवा को सप्ताह में तीन दिन सिर्फ रेफर किए जाने वाले मरीजों के लिए ही उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर ज़िला उद्योग केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से ननकौड़ी द्वीपसमूह में जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न विभागों और बैंकों के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम योजना और अन्य विभागों की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई और इसमें संबंधित क्षेत्र के बेरोजगारों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। निर्माण, सेवा और कारोबारी क्षेत्र में स्वरोज़गार स्थापित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कच्छाल, चैम्पिन, तेरेसा और कमोर्टा द्वीप से कुल बारह भावी उद्यमियों का चयन किया गया, जिन्हें योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितम्बर को राष्ट्रपति नई दिल्ली में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस पुरस्कार का उद्‌देश्य देश भर के शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित करना है, जिन्होंने न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अपने योगदान दिए हैं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में भी सुधार लाए हैं। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्तर पर शिक्षकों की अभूतपूर्व सेवाओं को मान्यता देने के लिए ही ये पुरस्कार दिया जाता है। मान्यताप्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च और उच्चतर स्कूलों, स्थानीय निकायों और निजी स्कूलों के शिक्षक इसके लिए योग्य माने गए हैं। सिर्फ नियमित शिक्षक और कम से कम दस वर्ष की सेवाएं दे चुके स्कूल प्रमुख ही इस पुरस्कार के लिए योग्य होंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार शिक्षक पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों को अपने आप ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पन्द्रह जुलाई आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में प्राचार्य के पद में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। तीन वर्ष अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार को प्रतिमाह एक लाख तिरपन हजार से अधिक की राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अंडमान लॉ कॉलेज की वेबसाइट से आवेदन फार्म डाउनलोड कर इसे पूर्ण दस्तावेजों के साथ दस अगस्त तक अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य के पते पर जमा कर सकते हैं। आवेदन की सॉफ्ट कॉपी दस अगस्त की शाम पांच बजे तक दिए गए मेल पर भेजे जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में भरे गए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई को शुरू हो रहा है। तेईस जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा था कि महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम देखने को मिलेंगे। लोकसभा चुनावों के कारण इस वर्ष फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सत्रह जुलाई को मुहर्रम मनाया जाएगा। द्वीपसमूह में चांद दिखाई देने के कारण हिलाल समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया कि सोलह और सत्रह जुलाई को मुहर्रम के उपलक्ष्य मे उपवास रखा जाएगा।

<><><><><><><>

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के सचिव डी. अय्यप्पन ने हाल ही में अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की खराब स्थिति से उन्हें अवगत कराते हुए इस पर ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने सरकारी आवासीय क्वार्टरों की खस्ता हालत का भी मुद्दा उठाया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छब्बीस दशमलव एक मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में बीस दशमलव आठ, ननकौड़ी में तेरह दशमलव तीन, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव आठ, लांग आइलैंड में तीन दशमलव तीन और मायाबंदर में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। तेरह और चौदह जुलाई को मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होगी।

<><><><><><><>